SECOND TERM EVALUATION 2023-2024

909

Third Language

HINDI

A

STD. IX

Time : 90 Minutes
Maximum Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'दीप जलाओ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

आज मुक्त कर मन के बंधन
करो ज्योति का जय का वंदन
स्नेह अतुल धन, धन्य यह भुवन
बनकर स्नेह गीत लहराओ।

1. **'ज्योति'** का समानार्थी शब्द कौन-सा है? 1

(क) प्रकाश (ख) आकाश (ग) जीवन (घ) सुमन

2. हमें किसको मुक्त करना है? 1

3. सही चार प्रस्ताव चुनकर लिखें। 4

(क) हमें स्नेह का महत्व समझना है।

(ख) हमें सच्चाई को स्वीकार करना है।

(ग) हमें स्वच्छता की ओर ध्यान नहीं देना है।

(घ) हमें विनम्रता को अपनाना है।

(ङ) हमें द्वेष से दूर रहना है।

(च) हमें मलिनता को स्वीकार करना है।

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।

नौजवान पक्षी को लगा- यह बहुत बड़ी सुविधा है कि एक आदमी दीमकों को बोरों में भरकर बेच रहा है।

4. **'नौजवान पक्षी'** में विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

5. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(पक्षी को, पंख के बदले)



सूचना : 'जिस गली में मैं रहता हूँ...' डायरी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें।

> मेरे पड़ोस में एक गरीब औरत मेहरुन्निसा रहती हैं। उसके पति की मौत को सात साल हुए हैं। अकेली औरत। दूसरों के घर में झाड़ू लगाकर किसी तरह से अपनी गुज़र-बसर करती थी। लेकिन जब घर ही नहीं रहे, बस्ती की बस्तियाँ जला दी गईं तो मेहरुन्निसा काम न मिलने से भूखों मरने लगी। आज उसके यहाँ मैंने दस रोटियाँ पहुँचाईं।

6. सही विकल्प चुनकर लिखें? 1

(क) वह + का = उसके (ख) वह + के = उसके

(ग) वह + की = उसके (घ) वह + को = उसके

7. भूखी मेहरुन्निसा के घर ग़ालिब ने दस रोटियाँ पहुँचाईं। इस प्रसंग पर मेहरुन्निसा की **डायरी** लिखें। 4

अथवा

अंग्रेज़ों के अत्याचार से दिल्लीवाले परेशान थे। इस प्रसंग पर संकेतों की सहायता से टिप्पणी लिखें।

- सीधे-सादे लोगों को मारना
- भूख-प्यास से परेशान लोग
- लोगों का भाग जाना

सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 8 और 9 के उत्तर लिखें।

> हरीबा मोची को काम मिला। उसने हिसाब से जूते तैयार किए और बेबी को लाकर दे दिए। तब होली का त्यौहार मनाया जा चुका था। दोपहर को पोस्टमैन कब आएगा, इसकी प्रतीक्षा करती हुई बेबी बैठ गई।

8. नया पोस्टमैन अकसर बेबी के घर कब आया करता था? 1

(क) शाम को (ख) सुबह को

(ग) दोपहर को (घ) रात को

9. सही मिलान करें। 4

नया पोस्टमैन	उपहार देती है।
हरीबा मोची	बेबी खड़ी हो जाती है।
बेबी पोस्टमैन को	नंगे पैर चलता है।
पोस्टमैन की प्रतीक्षा में	जूते बनाता है।

सूचना : 'तूफ़ानों की ओर घुमा दो नाविक' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

यह असीम, निज सीमा जाने
सागर भी तो यह पहचाने
मिट्टी के पुतले मानव ने
कभी न मानी हार
तूफ़ानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार।

10. कविता में मानव की कौन-सी विशेषता बताई गई है? 1

(क) मिट्टी का पुतला है। (ख) पतवार है।

(ग) तूफ़ान है। (घ) सागर है।

11. समान आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

असीम सागर की क्षमताओं की भी सीमा होती है।

12. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। 4

सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।

तीसरे दिन फिर पोस्टमैन की आवाज़ आई। डाक गिरने की आवाज़ नहीं सुनाई दी। चलती हुई बेबी अहाते में आई। पोस्टमैन अभी खड़ा था। बेबी की ओर देखकर वह मुस्कराया। बेबी भी हँसी। डाक लेकर बेबी ने पूछा, "क्या तुम नए पोस्टमैन हो?" "जी, हाँ।" "डाक फेंककर तुम चले जाया करो। मुझे आने में देर लगती है।"

13. डाक लेकर पोस्टमैन अहाते में खड़ा रहा। क्यों? 2

14. इस घटना के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

अथवा

संकेतों की सहायता से सहेली के नाम बेबी का **पत्र** लिखें।

- बच्चों का-सा चेहरेवाला पोस्टमैन
- नंगे पैर चलनेवाला
- डाक देने को बेबी की प्रतीक्षा करनेवाला

सूचना : 'गाँधीजी गाँधीजी कैसे बने' लेख का यह अंश पढ़ें और 15 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अगर आप सचमुच अपने देश और देशवासियों से प्यार करते हैं तो आपको कम से कम में काम चलाना चाहिए। और सादगी का महत्व समझना चाहिए। आप बड़े बनेंगे और कहलाएँगे अपने विचारों से और अपने काम से, न कि अपने कपड़ों से।

15. गाँधीजी के अनुसार किसका स्थान महत्वपूर्ण है? 1

(क) फिज़ूलखर्ची का (ख) दिखावे का

(ग) खूब सारे कपड़ों का (घ) सादगी का

16. सही प्रयोग चुनकर लिखें। 1

(क) हम देश से प्यार करता है। (ख) हम देश से प्यार करते हैं।

(ग) हम देश से प्यार करता हूँ। (घ) हम देश से प्यार करता हो।

17. गाँधीजी के अनुसार हम कैसे बड़े बनेंगे और बड़े कहलाएँगे? 2

18. संकेतों के आधार पर 'सादगी का महत्व' विषय पर **लघु लेख** लिखें। 4

- सरल जीवन
- कम से कम में काम चलाना
- फिज़ूलखर्ची को छोड़ना

अथवा

आपके स्कूल में 'सादगी का महत्व' विषय पर संगोष्ठी होनेवाली है। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें।